**सुविचार -सुख और दुःख सिक्के के दो पहलू हैं लेकिन दुःख में जो भी तुम्हारे साथ रहे वही तुम्हारा अपना होता है ।**


साप्ताहिक

डाक रजि./MP HSD/13/2021-2023/24-26 आर.एन.ए.पंजीयन संख्या-47485/86

सच की बात-सहजता के साथ

# पिपरिया प्रकाश

http://www.pipariyaprakash.com E-mail-pipariyaprakash@gmail.com Mob. 9425708959

वर्ष-40 अंक -12 पिपरिया (म. प्र.) दिन -गुरुवार दिनांक-5 फरवरी 2026 मूल्य-5/00 पृष्ठ -8


# महाशिवरात्रि मेला 2026 शिवभक्तों के लिए तैयार सतपुड़ा की रानी

## 06 फरवरी को मेला प्रारंभ होने के साथ ही शिवनाद से गूंजेगी पचमढ़ी की वादियां

नर्मदापुरम/04,फरवरी,2026/ मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में 6 फरवरी से लेकर 15 फरवरी तक आयोजित होने वाले 10 दिवसीय आस्था महोत्सव महाशिवरात्रि मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। मेले में सुरक्षा स्वच्छता परिवहन जलापूर्ति आवागमन एवं स्वास्थ्य सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा संबंधित विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरंतर रूप से भ्रमण कर मेले के सफल आयोजन के लिए निरीक्षण किया जा रहा है।

इस वर्ष मेले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है जिससे मेला क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। उल्लेखनीय है कि मेला अवधि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचते हैं। मुख्य रूप से महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों से श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचकर भूत भावन भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने चौरागढ़ मंदिर जाते हैं। इस वर्ष भी लगभग 4 से 5 लाख श्रद्धालुओं के पचमढ़ी पहुंचने का अनुमान है जिसके लिए प्रशासन द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

**13 सेक्टर में विभाजित रहेगा पूरा मेला क्षेत्र, समस्त सेक्टरों में लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी**

संपूर्ण मेला क्षेत्र 13 सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर का कार्य क्षेत्र निर्धारित कर सेक्टर अधिकारी के रूप में अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है जो अपने-अपने सेक्टर में व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करेंगे एवं मेले के सुचारू संचालन में आवश्यक व्यवस्थाओं पर निगरानी रखेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर सुश्री मीना के निर्देशानुसार मेला क्षेत्र के सेक्टर |1 चौरागढ़ के लिए नायब तहसीलदार सिवनी मालवा श्री शंकर सिंह रघुवंशी, नायब तहसीलदार पिपरिया श्री मनोज कुमार नामदेव, वनपाल सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सिरी शंकर



लाल मेहरा की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार सेक्टर क्रमांक |2 अंडर पास में राजस्व निरीक्षक बनखेड़ी श्री अमन चौहान, सेक्टर क्रमांक |3 नांदिया जंक्शन अंतर्गत तहसीलदार माखन नगर श्री महेंद्र चौहान एवं जिला होमगार्ड इंस्पेक्टर श्री शिवराज चौधरी, सेक्टर क्रमांक |4 सीता नहानी के लिए सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी पचमढ़ी श्री राकेश पवार, सेक्टर क्रमांक |5 बीड़ क्षेत्र अंतर्गत नायब तहसीलदार इटारसी श्री हीरू कुमरे, सेक्टर |6 बड़ा महादेव अंतर्गत नायब तहसीलदार नर्मदापुरम ग्रामीण श्री दिव्यांशु नामदेव, नायब तहसीलदार इटारसी श्री कृष्णाकांत उइके, सेक्टर |7 भैरव गुफा अंतर्गत तहसीलदार डोलरिया श्री सुनील गढ़वाल, सेक्टर क्रमांक |8 ग्राम नांदिया अंतर्गत नायब तहसीलदार नर्मदापुरम श्री शक्ति सिंह तोमर, उपवन क्षेत्रपाल परिक्षेत्र देना बफर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व श्री मनोहर लाल वादिवा, सेक्टर क्रमांक |9 जटाशंकर क्षेत्र अंतर्गत नायब तहसीलदार डोलरिया पूनम सिंह सलामे, सेक्टर क्रमांक |10 अस्थाई बस स्टैंड अंतर्गत तहसीलदार सिवनी मालवा श्री नितिन कुमार झोड़, नायब तहसीलदार बनखेड़ी श्री राम सिपाही मरावी, सेक्टर क्रमांक |11 अस्थाई वाहन पार्किंग अंतर्गत तहसीलदार सिवनी मालवा श्री नितिन कुमार झोड़, सेक्टर क्रमांक |12 पगारा मेडिकल कैंप अंतर्गत सहायक बनबरी क्षेत्र अधिकारी श्री पंकज यादव एवं सेक्टर क्रमांक |13 मटकुली अंतर्गत नायब तहसीलदार भाग 4 श्री रणजीत सिंह चौहान की ड्यूटी लगाई गई है।

**अधिक व्हील बेस वाले वाहनों को किया गया प्रतिबंधित, विभिन्न स्थानों पर तैयार को गई अस्थाई पार्किंग**

महाशिवरात्रि मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मेला अवधि में अधिक व्हीलबेस वाली लंबे आकार की स्लीपर कोच यात्री बसों के संचालन को प्रतिबंधित किया गया है। मटकुली से पचमढ़ी जाने वाला मार्ग पर लंबे आकार की स्लीपर कोच बसों के संचालन को प्रतिबंधित किया गया है। सेक्टर क्रमांक । 13 मटकुली अंतर्गत छिंदवाड़ा एवं पिपरिया मार्ग पर चलने वाले भारी एवं बड़े वाहनों को रोका जाता है। मेला अवधि में होटल हाइलैंड के सामने मैदान में अस्थाई पार्किंग तैयार की गई है। इसके अतिरिक्त सांदीपनि विद्यालय पर भी अस्थाई पार्किंग तैयार की गई। साथ ही न्यू होटल के समीप मैदान में पार्किंग स्थल को रिजर्व भी रखा गया है। परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों से पचमढ़ी तक के लिए किराए का निर्धारण भी किया गया है।

**होमगार्ड, एसडीआरएफ एवं आपदा मित्र भी रहेंगे तैनात**

महाशिवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं किसी भी संभावित आपदा से त्वरित रूप से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। मेला क्षेत्र में आपदा प्रबंधन को मजबूत बनाने हेतु होमगार्ड, एसडीआरएफ तथा आपदा मित्रों की विशेष रूप से तैनाती की जा रही है। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता सुनिश्चित करने तथा आपात स्थितियों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने के उद्देश्य से होमगार्ड के 20 जवान, एसडीआरएफ के 20 सदस्य एवं 40 से अधिक प्रशिक्षित आपदा मित्रों को मेला क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर तैनात किया जाएगा। अलग अलग स्थानों पर फायर ब्रिगेड भी



तैनात की गई है।

**कानून एवं सुरक्षा की दृष्टि से लगभग 700 पुलिस जवान रहेंगे मेले में तैनात**

महाशिवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारू यातायात व्यवस्था तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। सुरक्षात्मक दृष्टि से मेला क्षेत्र में लगभग 700 जवानों का पुलिस बल तैनात की जाएगी। यह बल मेला परिसर के विभिन्न संवेदनशील स्थानों, प्रमुख मार्गों तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में तैनात रहकर सतत निगरानी रखेगा। मेले के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की जाएगी, जो मौके पर ही आवश्यक निर्णय लेकर व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखाने में सहयोग करेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिकायत एवं सुझावों के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना भी की जाएगी। कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर से संबंधित फ्लेक्स मेला क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे, ताकि आवश्यकता पड़ने पर लोग तुरंत संपर्क कर सकें। इसके अतिरिक्त, सभी पार्किंग स्थलों एवं प्रत्येक सेक्टर पॉइंट पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए भी पुलिस बल की विशेष तैनाती की जाएगी। यह व्यवस्था मेला अवधि के दौरान तथा मेला समाप्ति के एक दिन बाद तक प्रभावी रहेगी, जिससे श्रद्धालुओं की आवाजाही सुरक्षित और व्यवस्थित बनी रहे। साथ ही मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से भी नजर रखी जायेगी।

**विभिन्न स्थानों पर सुनिश्चित की गई व्यापक स्वास्थ व्यवस्थाएं**

महाशिवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण मेला क्षेत्र में व्यापक स्वास्थ्य व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। मेले की पूरी अवधि में विभिन्न प्रमुख स्थानों पर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ, एंबुलेंस वाहन चालकों सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अमले की ड्यूटी लगाई गई है। स्वास्थ्य सेवाओं के समुचित संचालन एवं निगरानी के लिए डॉ. रिचा कटकवार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया को मेला प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके मार्गदर्शन में स्वास्थ्य टीमों द्वारा लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार, आपातकालीन चिकित्सा सेवाएँ तथा आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर मेडिकल कैंप भी स्थापित किए गए हैं। इन कैंपों में आवश्यक दवाइयों, प्राथमिक उपचार सामग्री तथा प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

## सम्पादकीय

# किसान विरोधी समझौते पर दोबारा विचार की दरकार

भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील को लेकर जहां सरकार जश्न मना रहीं है वहीं विपक्ष इस डील पर संसद में चर्चा की मांग कर रहा है। इस समझौते को लेकर अभी सभी पक्षों को उजागर नहीं किया गया है । वहीं इसे किसान विरोधी भी बताया जा रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा के मुताबिक इस समझौते में अमेरिका के कृषि उत्पादों को शुल्क मुक्त रखा गया है। इससे भारत के किसान बहुत चिंतित है। अगर वहां के कृषि उत्पाद भारत में सस्ती कीमतों पर बेचे जाएंगे तो इसमें भारत के किसान का भारी नुकसान है।

अमेरिका के कृषि मंत्री इस समझौते को अमेरिकी किसानों के हित में बता रहें है और हमारे यहां के कृषि मंत्री इस पर चुप्पी साधे हुए है। इस समझौते से साफ जाहिर है कि सरकार की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है जहां एक ओर हमारे प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी को बढ़ावा देने की बात करते है वहीं इस प्रकार के समझौतें कर इनके इस अभियान के ही विरूद्ध कदम उठाते है । 6 अगस्त 2025 को अपने दिए गए एक भाषण में प्रधानमंत्री कहते है कि वे किसी भी कीमत पर भारत के डेयरी, पोल्ट्री और कृषि क्षेत्र से समझौता नहीं करेंगे चाहे उन्हें इसके लिए निजी तौर पर कितनी ही कीमत क्यों ना चुकानी पड़े । वहीं इसके विपरीत वे एक ऐसे समझौते की मंजूरी दे देते है जिसमें हमारे किसानों के अधिकारों का हनन हो रहा हो , तो इसे किसानों से विश्वासघात करना ही कहा जाएगा। आप सोचिए अगर अमेरिका का कपास, गेहूं , मक्का और डेयरी उत्पाद भारत में 0 प्रतिशत ड्यूटी पर लाया जाएगा तो देश के किसान का हक मारा जाएगा। भारत का किसान लागत, कर्ज और अनिश्चित बाजार से पहले ही जूझ रहा है। अब सस्ते अमेरिकी कृषि उत्पाद भारत आएंगे तो देशी फसलो के दाम गिरेंगे।

इस बार के आम बजट में भी किसानों के लिए कुछ नहीं था हालांकि बजट ही वर्तमान का नहीं बल्कि भविष्य की संभावनाओं पर बुना गया था। खुद को किसान हितैशी बताने वाली सरकार पहले किसानों के लिए काला कानून लाती है और अब यह ट्रेड डील । आखिर ऐसे समझौते कर सरकार किस आत्मनिर्भर भारत का सपना देशवासियों को दिखा रहीं है । जहां देश का किसान पहले ही समस्याओं के बीच व्यापार कर रहा है ऐसे में इस तरह के समझौते उसे पूरी तरह बर्बाद करने के लिए काफी है। सरकार को एक बार फिर समझौते के इस पक्ष पर गंभीरता से विचार करना होगा और किसान के हक को छीनने वाले इस समझौते में बदलाव करना होगा।

# आर टी ओ द्वारा की गई देर रात स्लीपर बसों की सघन चेकिंग

जनसंपर्क नर्मदापुरम ।सड़क सुरक्षा और यात्री हितों को ध्यान में रखते



हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) नर्मदापुरम श्रीमती रिंकू शर्मा द्वारा मंगलवार रात्रि में स्लीपर बसों की सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न मार्गों पर चल रही बसों की दस्तावेज़ी और भौतिक जांच की गई। जांच के दौरान एक स्लीपर बस में पंजीयन कार्ड में दर्ज विवरण और वाहन के वास्तविक स्वरूप में विसंगति पाई गई। भौतिक परीक्षण में वाहन की बैठक क्षमता तथा स्लीपर व्यवस्था पंजीयन अभिलेखों से भिन्न पाई गई, जो मोटरयान नियमों का उल्लंघन है।उक्त गंभीर अनियमितता को देखते हुए मोटरयान अधिनियम की धारा 56 के अंतर्गत वाहन की फिटनेस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई। साथ ही मूल पंजीयन अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी भोपाल को वाहन पोर्टल के माध्यम से फिटनेस निरस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है।

## सोहागपुर में आरटीओ ने स्कूली वाहनों की जांच कर की चालानी कार्यवाही

जनसंपर्क नर्मदापुरम । क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) नर्मदापुरम श्रीमती रिंकू शर्मा द्वारा बुधवार को सोहागपुर क्षेत्र में बिना लाइसेंस स्कूली छात्रों द्वारा वाहन चलाने संबंधी प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु सेंट पैट्रिक स्कूल, सोहागपुर में विशेष जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान आरटीओ ने स्कूल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना लाइसेंस तथा बिना हेलमेट दोपहिया वाहनों से आने वाले छात्र–छात्राओं को स्कूल परिसर में वाहन खड़ा करने की अनुमति न दी जाए। साथ ही मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 199। के अंतर्गत किशोरों द्वारा किए गए मोटर यान संबंधी अपराधों के लिए अभिभावकों को उत्तरदायी मानने के प्रावधान की जानकारी पालकों तक पहुंचाने तथा ऐसे मामलों में अभिभावकों से शपथ पत्र (एफिडेविट) लेने के निर्देश भी दिए गए।

कार्यवाही के दौरान स्कूल परिसर में खड़ी एक बस सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई, जिस पर वाहन की फिटनेस तत्काल प्रभाव से निरस्त की गई। इसके अतिरिक्त लंबे समय से बिना परमिट, बिना बीमा और बिना फिटनेस संचालित दो स्कूली वाहनों के विरुद्ध कुल 22 हज़ार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। इसी दौरान स्कूल परिसर में खड़ा एक अपंजीकृत दोपहिया वाहन भी पाया गया, जिस पर 2 हज़ार रुपए का चालान किया गया।

आरटीओ श्रीमती रिंकू शर्मा ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस एवं बिना हेलमेट वाहन चलाने की अनुमति न दें। यह न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं और जनहानि का गंभीर कारण भी बन सकता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए बिना गियर वाले एवं 50 सीसी तक क्षमता वाले वाहनों के लिए लर्निंग लाइसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

**कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,पचमढ़ी (म.प्र.)**

क्र./62/साडा/पच/ 2026 पचमढ़ी दिनांक 02/2/2026

## निविदा सूचना

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण पचमढ़ी साडा क्षेत्र मधुबन बंगले से हवाई पट्टी के रोडों के दोनों तरफ, वात्सलय (टायनम मेमोरियल प्वाईंट) क्षेत्र तथा साडा के अन्य क्षेत्रों में लोहे के बोर्ड 10 फीट ऊंचाई के मय पेंट/लिखवाई एवं बताये हुये स्थल पर फिक्सिंग के बनवाना चाहता है।

अतः संबंधित समस्त सप्लायर/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि अपनी-अपनी दरें बंद लिफाफे में दिनांक 16/02/2026 को दोपहर 12.00 बजे तक इस कार्यालय में जमा कर सकते हैं। सामग्री की जानकारी निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| बोर्ड का साईज | - | 10 फीट (पाईप 3'x1½' 22 किलोग्राम वाला) |
| एम एस चादर साईज | - | 2"x2" (18 गेज की ) |
| फ्रेम पाईप | - | 14 किलो ग्राम वाला |
| पेंटिंग | - | सम्पूर्ण बोर्ड पर प्राईमर करना, काला एवं हरा पेंट करना एवं संस्था द्वारा बाताया हुआ मेटर बोर्ड पर बोल्ड लेटर पर लिखना। |
| फिक्सिंग | - | संस्था द्वारा बताये गये स्थल पर प्रत्येक बोर्ड को गिट्टी, रेत सीमेंट एवं कांक्रीट से फिक्स करना होगा। |

शर्तें -

1. दरें मय जीएसटी सहित प्रति बोर्ड के हिसाब से देना होगा जिसमें पेंट/पुताई/लिखवाई/फिक्सिंग के देना होगा।
2. प्रत्येक बोर्ड की गुणवत्ता साईज एवं गेज अनुसार देना अनिवार्य होगा।
3. प्रत्येक बोर्ड को बताये गये स्थल पर फिक्स करके देना अनिवार्य होगा।
4. सफल निविदाकार को बिल के साथ आधार एवं पेन कार्ड देना अनिवार्य होगा।
5. दरें स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी**


विकी हार्डवेयर स्टोर्स
फोन कार्यालय 224664,
निवास- 222664मो. 9893200814
सिंधी गुरू मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड, पिपरिया
बिरला व्हाइट सीमेंट एवं वाल केयर पुट्टी
उच्चकोटि के लोहा व सीमेंट एवं भवन सामग्री के थोक व फुटकर विक्रेता

ए.एस. खुराना
बी.एस.सी./डी.ओ.आर.
मो. 7747022369
8871443275
मनु आई केयर एण्ड ऑप्टीकल्स
हमारे यहां नजर व धूप के चश्में नेत्र परिक्षण करके बनाये जाते हैं।
एच.डी.एफ. सी. बैंक के सामने, पिपरिया (म.प्र.)


न्यू विनीत ट्रांसपोर्ट
शोभापुर रोड, पिपरिया
जिला-नर्मदापुरम(म.प्र.)
Mob- 9300734595, 9827576290, Ph.220409
विशेष- छोटी गाड़ी सम्पूर्ण भारत में भेजी जाती है।

अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट
राज ट्रेडर्स
मो. 9806969697, 9893692487, 9644200339
कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया
होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध
लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड
डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए
ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है।

# एम.पी. ट्रांसको के सैलरी खाता धारकों के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र देगा बीमा,लोन सहित अन्य सुविधायें

जनसंपर्क नर्मदापुरम । प्रदेश में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने अपने कार्मिकों के लिए अन्य बैंको से वेतन प्राप्त करने के विकल्प में बढ़ोतरी करते हुए बैंक आफ महाराष्ट्र के साथ एक एमओयू में हस्ताक्षर किए हैं। इसके अंतर्गत बैंक ऑफ महाराष्ट्र अब सैलरी वेरियेंट के हिसाब से सैलरी सेविंग अकाउण्ट स्कीम बैंकिंग सेवाओं के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाएं प्रदान करेगा।

बैंक से ये मिलेगी सुविधाएं

मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री मुकुल महरोत्रा ने जानकारी दी कि इस समझौते के तहत बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एम.पी. ट्रांसको के खाता धारक कार्मिकों को नई विशेष हितकारी सुविधाएं, जिनमें सामान्य मृत्यु बीमा 10 लाख तक, हवाई दुर्घटना बीमा कवर, दुर्घटना (मृत्यु) बीमा कवर, विकलांगता बीमा कवर, विभिन्न लोनों के प्रोसेसिंग फीस में छूट, चिकित्सा बीमा इत्यादि का लाभ प्रदान करेगा।

इसके अलावा बिना शुल्क, डिजिटल उत्पादों से लैस सैलरी सेविंग अकाउंट स्कीम बैंकिंग सुविधा प्रदान करेगा एवं ऋण खातों में प्रोसेसिंग फीस छूट, लॉकर किराए में छूट, बैंक ऑफ महाराष्ट्र –पे कार्ड की विभिन्न सुविधाएं डेबिट कार्ड (टॉप वेरियंट), सुपर टॉपअप हेल्थ बीमा आदि सुविधाएं बैंक ऑफ महाराष्ट्र में एम.पी. ट्रांसको के वेतन खाता धारक कार्मिकों के लिये उपलब्ध रहेंगी।

## मां नर्मदा नदी ,में साफ सफाई ,गौसेवा के साथ साथ पत्रकारिता करने को लेकर तिवारी सम्मानित

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली ।** 2 फरवरी को भगवान ब्रह्मा की तपोभूमि ब्राम्हण घाट पर भरने वाले इतिहासिक मेला बरमान मेला समाप्ति के अवसर पर तेंदुखडा विधायक विश्व नाथ जी पटेल भाईजी, मां नर्मदा भक्त आई ए एस गजेंद्र सिंह नागेश जी (जिला पंचायत सीईओ), श्रीमति अनीता राजेन्द्र ठाकुर जी (जिला पंचायत उपाध्यक्ष) मेला समिति बरमान, जनपद चावरपाठा सभी सामान्य बंधु के लिए बहुत बहुत धन्यवाद जी ।



मां नर्मदा मैया सभी पर अपनी कृपा बनाये रखे स संपन्न होने के पश्चात जिला सी ई ओ साहब ने मेला का निरीक्षण कर साफ सफाई की व्यवस्था देखी स और आवश्यक निर्देश दिए स मां नर्मदा नदी को प्रदूषण मुक्त करने में , पत्रकारिता के क्षेत्र में मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि ,जी सी सी आई प्रदेश प्रेस संयोजक मीडिया प्रभारी ,जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय श्रम जीवी पत्रकार परिषद भागीरथ तिवारी को सम्मान पत्र दिया गया स श्री तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त कर सभी को धन्यवाद दिया।

# विविधता में एकता का नाम ही भारत है

आज देश में एक देश एक विचार एक भाषा, एक खाना, एक बाबा,एक नेता एक धर्म और धर्म में भी एक विशेष परंपरा,की तरफ लाने का प्रयास हो रहा है। यह प्रयास अचानक नहीं है। यह धीरे धीरे सामान्य बनाया जा रहा है। पहले कहा गया वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट,अब तो एक जिला एक मिठाई तक मामला आ चुका है। लेकिन संस्कृति ऐसे नहीं बनती। संस्कृति आदेश से नहीं,समय स्मृति और संवाद से बनती है। यही सोच आगे बढ़ती है,और फिर कहा जाता है एक शहर एक पहचान,एक शहर एक प्रतीक एक शहर एक मंदिर या एक शहर एक भगवान।

आज अयोध्या का मतलब केवल राम मंदिर बताया जा रहा है। जबकि अयोध्या साकेत भी है, अवध भी है। यह एक काल की नहीं,कई युगों की स्मृति है। काशी को केवल काशी विश्वनाथ में सीमित किया जा रहा है। जबकि काशी दुनिया की **spiritual capital** है। यहाँ तो सभी आए हैं। यहीं बुद्ध आए, यहीं महावीर की धारा बही, यहीं कबीर ने प्रश्न उठाए, यहीं अहिल्याबाई होल्कर ने कर्म से धर्म को जिया।

दुनिया की शायद सबसे बड़ी **spiritual debate** इसी धरती पर हुई। यहीं आदि शंकराचार्य भी आए थे। यही काशी थी जहाँ उन्होंने अद्वैत वेदांत का प्रचार किया। यहीं मणिकर्णिका घाट पर चांडाल के रूप में शिव के दर्शन की कथा जुड़ी है। यहीं से मणिषा पंचक का स्वर उठा कि ब्रह्मज्ञान में जाति वर्ण और ऊँच नीच का कोई स्थान नहीं होता। काशी का अर्थ कभी एक उत्तर नहीं रहा। यह हमेशा प्रश्न और संवाद का नगर रहा है।

वृंदावन को भी बस बाँके बिहारी जी में समेट दिया गया है। जबकि वृंदावन रास है, लोक है, जीवन है। इन शहरों की जो बाकी स्मृतियाँ हैं उनकी गलियाँ,उनके संत,उनके सूफी,उनके लोक देवता अगर इस एकरैखिक कथा में फिट नहीं बैठते तो उन्हें रास्ते से हटाने की भाषा बनने लगती है। यह सिर्फ इमारतों का उजाड़ना नहीं है। यह स्मृति को छोटा करना है। जवाहरलाल नेहरू ने बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा था–

**"India is a country held together by strong but invisible threads of cultural unity amidst great diversity-"**

संविधान सभा जानती थी कि भारत की एकता किसी एकरूपता से नहीं बनेगी। इसीलिए संविधान किसी एक भाषा किसी एक धर्म किसी एक विचार का दस्तावेज़ नहीं है। सरदार पटेल ने भारत को जोड़ा, लेकिन जोड़ने का अर्थ मिटाना नहीं होता। इसी संतुलन से भारत का गणतंत्र बना। गणतंत्र का अर्थ यही है कि राज्य यह तय नहीं करेगा,कि कौन सी स्मृति बचेगी और कौन सी बाधा कहलाएगी। भारत कभी एक देवता एक रास्ता,एक परिभाषा वाला देश नहीं रहा। यहाँ आस्था भी संवाद में रही है,और शहर भी बहुवचन में जिए हैं। आज गणतंत्र दिवस पर,सबसे ज़रूरी बात यही है कि भारत को छोटा करने के बजाय उसकी पूरी बहुलता के साथ स्वीकार किया जाए। संविधान बचेगा,तो यह देश बचेगा।

गणतंत्र जिंदाबाद रहे, गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई।

प्रदीप चौधरी ( प्रस्तुति – गोपाल राठी )


विश्वसनीयता ।। श्री महावीराय नमः ।। उचित दाम

**श्री विजय जेम्स & ज्वेलर्स**

(सोने, चांदी, हीरे के आभूषणों एवं राशि रत्नों के विक्रेता)





हमारे यहां समस्त असली राशि रत्न, उपरत्न, स्फटिक श्रीयंत्र शिवलिंग, माला, नवरत्न अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़े, पारदेश्वर गोल्डप्लेटेड यंत्र उचित दाम पर उपलब्ध है

असली प्राकृतिक, लक्ष्मी प्रदाता, सुख समृद्धिदायक, दक्षिणावर्ती शंख एवं एक मुखी रूद्राक्ष उपलब्ध है।

सांडिया रोड, पालीवाल गैस एजेंसी के पास, पिपरिया

प्रो. सचिन जैन मो. 9425475891, 9425475431

स्वस्थ आहार, स्वाद मजेदार...

**रघुजी नमकीन**

एक विश्वास

रतलामी, उज्जैनी, खट्टा मीठा, फलारी चिप्स इत्यादि नमकीन सभी होटल व किराना दुकानों पर उपलब्ध कृष्णा इन्दौर सेव भंडार

शोभापुर रोड, पिपरिया Ph.224241,

-प्रो. संतोष साहू Mob- 8839911938 संदीप साहू Mob- 9425310471




**पिपरिया डेन्टल क्लीनिक**

(पं.नाथूराम गंगेले मार्ग) मंगलवारा पोस्ट आफिस के सामने पिपरिया

**सुपर सिलेक्शन**

मेन रोड थाने के सामने पिपरिया

**बिरला का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन**

फोन- 222664, 224664

अधिकृत विक्रेता My Cem Cement

**श्री गुरुनानक ट्रेडर्स, पिपरिया**

**द्वारका स्वीट्स एवं चाट सेंटर**

डोसा, इडली, बड़ा साबर समौसा, कचौड़ी एवं देशी मिठाईयां





ताजी लस्सी मो. 9425310452

(पुड़ी सब्जी–गरमा गरम)




...na Khan ...9205410 ...li Art ...TIST IN ...NGABAD ...Shower Mehndi ..., PIPARIYA

–राजपाल यादव द्वारा

# बनखेड़ी समाचार

## अनमोल साँसों की पूंजी

-संत राजिन्दरसिंह जी महाराज



**पूरब** के विभिन्न शास्त्र हमें बताते हैं कि हम सब इस दुनिया में साँसों की सीमित संख्या के साथ आए हैं। मृत्यु के समय, जब हमारी सांसों की संख्या समाप्त हो जाती है , तब आत्मा शरीर को छोड़ती है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इन सांसों का कैसे इस्तेमाल करते हैं। हम इन साँसों की संख्या को, परमात्मा द्वारा सौंपी गई पूंजी या खाता समझ सकते हैं। प्रत्येक क्षण हम चुनाव कर सकते हैं कि पूंजी को कैसे खर्च करना है , समझदारी से या मूर्खता से।

इसी संदर्भ में एक गरीब इंसान की कहानी है , जिसे किसी अमीर इंसान ने चंदन के वृक्षों का वन देकर सहायता की थी। गरीब इंसान को चंदन की कीमत का एहसास नहीं था और उसने लकड़ियों को बेचने और घर बनाने के लिए काटना शुरू किया। कई वर्षों बाद वह अमीर इंसान यह देखने वापस आया कि गरीब इंसान कैसे काम कर रहा है। वह इस बात से हैरान हुआ, जब उसने देखा कि जंगल खाली हो चुका था और वह गरीब इंसान अब भी बड़ी मुश्किल से जीवन यापन कर रहा था। जब उसे यह एहसास हुआ कि चंदन का उच्चतम मूल्य उसे मिल सकता था, तब तक उसने अपने खजाने को गँवा दिया था। हमें ऐसे ही एक चंदन का वन, सांसों की संख्या की सौगात के रूप में, खुद का, परिवार का और पूरे विश्व का भला करने के लिए मिला है।

हम अपने आप से पूछें कि हम प्रत्येक सांस का कैसा सौदा करते हैं ? क्या हम अपनी सांसों का ऐसा उपयोग करते हैं जो वास्तव में लाभदायक है ? इस सवाल का जवाब पाने के लिए हमें अपने जीवन के लक्ष्य और उद्देश्य को निश्चित करना होगा। हमारे फैसले से यह तय होगा कि हमारे जीवन की गाड़ी कौन सी पटरी पर जाएगी ? हर इंसान में यह चुनने की क्षमता होती है कि उसे परमात्मा के पास जाना है या दूर जाना है। हर एक व्यक्ति के पास दूनियावी और आध्यात्मिक लक्ष्य की ओर काम करने के विकल्प होते हैं।

सबसे पहले हम इस बात का आभार माने व खुशी मनाएं कि हमें इस संसार में एक इंसान के रूप में जन्म मिला है। हाल ही में वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह अनुमान लगाया है कि जीवन की 70 से 90 लाख प्रजातियां हैं। प्राचीन काल में संतों ने जो कहा था ''84 लाख जियाजून है '', ये अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं। यहीं से ''84 का चक्कर'' और ''जन्म-मरण का चक्कर'' शब्द बने। हजारों साल पहले कही गई संतों की बातों की वैज्ञानिक अब पुष्टि कर रहे हैं।

संख्या चाहे 70, 84, 90 लाख हो, सच यही है कि जीवन की प्रजातियां लाखों में हैं। इंसानी चोले में होना ही जश्न मनाने का कारण है। इसे ऐसे ही नहीं लेना चाहिए। इंसान में यह क्षमता है कि वह खुद को आत्मिक रूप में जान सके और परमात्मा को पा सके। हम इस मौके को न गँवाते हुए इसका फायदा उठाएँ।

अधिकांश लोग इस इंसानी चोले की देन को पालन-पोषण, पुनरुत्थान और इसे जीवित रखने में ही लगा देते हैं, हालांकि हमारा जीवन अनमोल है। आइए, हम इस जन्म की आध्यात्मिक पूंजी और बची हुई सांसों को परमात्मा की खोज में उपयोग करें। अगर हम अपनी साँसे, अपनी आध्यात्मिक उन्नति के लिए और दूसरों की भलाई के लिए इस्तेमाल करेंगे, तो फलस्वरूप हमें अनंत प्रेम, परम आनंद, शांति के रुहानी पुरस्कार प्राप्त होंगे। अपनी सांसों को दूसरों की मदद के लिए और आध्यात्मिक उन्नति के लिए उपयोग करके, हम इस दुनिया को एक बेहतर स्थान बना सकते हैं।

हर दिन हम अपनी प्राथमिकताओं को कुछ समय जरूर दें। हम अपनी दैनिक कार्य सूची लिख सकते हैं जिसमें हम आध्यात्मिक प्राथमिकताओं जैसे कि ध्यान-अभ्यास, निष्काम-सेवा, नैतिक जीवन जीने के लिए समय निश्चित कर सकते हैं। इस तरह परमात्मा द्वारा सौंपे गए चंदन के वन को हम खुद के और दूसरों के भले के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। हमें जीवन के प्रत्येक क्षण के इस्तेमाल के लिए ज्यादा सतर्क रहना चाहिए।

इस तरह हम अपने रूहानी लक्ष्य, आत्मा का परमात्मा से मिलाप को कम से कम समय में प्राप्त कर सकते हैं। चुनाव हमें करना है।

॥ जय माता दी ॥ Mob.- 9425692332
MAMTA ENTERPRIZES
Pipariya Road, Bankhedi Distt.- Hoshangabad (M.P.)
Crown, Weston, L.G. LED TV, Refrizarator, Coolar, Mixer
Grinder Radio, DTH, Airtel, Tata Sky & Other Electronic Material

# 'प्रज्ञानं ब्रह्म' ऐतरेयोपनिषद् का दार्शनिक संदेश'

ऐतरेयोपनिषद् भारतीय दर्शन के प्राचीनतम एवं महत्वपूर्ण उपनिषदों में से एक है। यह ऋग्वेद से संबंधित है और ऐतरेय ब्राह्मण का दार्शनिक विस्तार मानी जाती है। इस उपनिषद् में सृष्टि की उत्पत्ति, आत्मा की प्रकृति और ब्रह्म की अवधारणा का गूढ़ विवेचन किया गया है। उपनिषद् का मुख्य उद्देश्य मानव को आत्मज्ञान के माध्यम से सत्य की अनुभूति कराना है।

उपनिषद् का नाम इसके ऋषि महिदास ऐतरेय के नाम पर पड़ा माना जाता है। उपनिषद् आकार में संक्षिप्त होते हुए भी गहन दार्शनिक चिंतन से परिपूर्ण है। ऐतरेयोपनिषद् मुख्यतः तीन अध्यायों में विभक्त है। प्रत्येक अध्याय में सृष्टि, जीवन और चेतना से संबंधित दार्शनिक प्रश्नों पर विचार किया गया है। इसमें ब्रह्म, आत्मा और जीव के संबंध को स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है।

सृष्टि का मूल कारण आत्मा या ब्रह्म है। प्रारंभ में केवल आत्मा ही विद्यमान थी। उसी आत्मा ने संकल्प द्वारा आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी की सृष्टि की। इसके पश्चात् आत्मा ने विभिन्न इंद्रियों और प्राणों की रचना की तथा अंततः मनुष्य शरीर में प्रवेश कर उसे चेतन बनाया। यह विचार भारतीय दर्शन में सृष्टि को चेतना–प्रधान मानने की आधारशिला रखता है। उपनिषद् में आत्मा को ही ब्रह्म के रूप में स्वीकार किया गया है। उपनिषद का मुख्य वाक्य "प्रज्ञानं ब्रह्म" है जिसका का अर्थ है कि चेतना ही ब्रह्म है। यह कथन अद्वैत वेदांत दर्शन का मूल आधार बनता है और यह स्पष्ट करता है कि ब्रह्म कोई बाह्य सत्ता नहीं, बल्कि प्रत्येक जीव में विद्यमान चेतन तत्व है। ऐतरेयोपनिषद् कर्मकांड की अपेक्षा ज्ञान को अधिक महत्व देता है। इसके अनुसार आत्मज्ञान ही मोक्ष का साधन है। जो व्यक्ति यह जान लेता है कि वही आत्मा है और वही ब्रह्म है, वह जन्म–मृत्यु के बंधन से मुक्त हो जाता है। उपनिषद् भारतीय दार्शनिक परंपरा में विशेष स्थान रखता है। इसमें मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से मानव चेतना का विश्लेषण किया गया है। आत्मा को बुद्धि, प्रज्ञा और चेतना के रूप में समझाया गया है, जो आधुनिक दार्शनिक चिंतन से भी साम्य रखता है। ऐतरेयोपनिषद् आत्मा और ब्रह्म की एकता का सशक्त प्रतिपादन करता है। यह मानव को आत्मचिंतन, ज्ञान और चेतना के उच्च स्तर तक पहुँचने की प्रेरणा देता है। संक्षिप्त होने पर भी इसका दार्शनिक प्रभाव अत्यंत व्यापक और गहन है। भारतीय दर्शन की समझ के लिए ऐतरेयोपनिषद् का अध्ययन अत्यंत आवश्यक है। – नितिन कुमार (शोधार्थी)

## शासकीय स्कूलों में किया जा रहा कैरियर काउंसलिंग व मेले का आयोजन

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** समग्र शिक्षा अभियान सेकेण्डरी एजुकेशन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के दिशा निर्देशन में विकास खंड के शासकीय हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कैरियर मेला व कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। विकास खंड के स्कूलों पीपर पानी महुआखेड़ा कला कामती में करियर मेला व काउंसलिंग का आयोजन किया गया जिसमें कैरियर काउंसलर राजकुमार पटैल ने व मेंटल हेल्थ काउंसलर मकरन सिंह कुशवाहा ने छात्र छात्राओं को शैक्षणिक संकायों, स्थानीय उद्योग एवं संस्थान का संक्षिप्त परिचय कराया। विद्यार्थियों को विषय चयन एवं करियर हेतु पारंपरिक व प्रोफेशनल कोर्स के चयन से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पीपरपानी के प्रचार्य सी एस गढ़वाल ने पीपर पानी में शासकीय हाई स्कूल महुआखेड़ा कला के प्राचार्य राजकुमार पाली, शासकीय हाईस्कूल कामती की प्रभारी प्राचार्य सरोज लता मेडम ने अपने अपने स्कूलों में व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## 'सरकार का नया बजट विकास, समावेशन और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त पहल'

भारत सरकार का बजट 2026 देश की आर्थिक दिशा और विकास प्राथमिकताओं को निर्धारित करने वाला बजट है। बजट केवल आय–व्यय का विवरण मात्र नहीं है बल्कि यह सरकार की नीतियों, सामाजिक प्रतिबद्धताओं और भविष्य की विकास रणनीति को भी स्पष्ट करता है। बजट का मुख्य उद्देश्य आर्थिक स्थिरता बनाए रखते हुए समावेशी विकास, रोजगार सृजन, आधारभूत संरचना का विस्तार तथा सामाजिक कल्याण को सुदृढ़ करना है। बजट की उपयोगिता अत्यंत व्यापक और बहुआयामी है।



बजट में आर्थिक विकास को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय पर विशेष बल दिया गया है। सड़क, रेलवे, ऊर्जा, डिजिटल अवसंरचना और शहरी विकास से जुड़े क्षेत्रों में निवेश बढ़ाकर सरकार ने दीर्घकालिक विकास की नींव मजबूत करने का प्रयास किया है। इससे न केवल औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे आर्थिक दृष्टि से यह बजट देश की विकास दर को स्थिर और सुदृढ़ बनाए रखने में सहायक सिद्ध होता है। बजट की एक प्रमुख उपयोगिता सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के क्षेत्र में दिखाई देती है। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए आवंटन बढ़ाकर सरकार ने सामाजिक असमानताओं को कम करने का प्रयास किया है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और शिक्षा की गुणवत्ता सुधार से मानव संसाधन विकास को बल मिलेगा, जो किसी भी राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार होता है।

भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि और ग्रामीण क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। बजट में कृषि उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आय में वृद्धि तथा ग्रामीण रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। सिंचाई, कृषि तकनीक, भंडारण और विपणन से संबंधित योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया गया है। इससे न केवल किसानों को लाभ होगा, बल्कि ग्रामीण–शहरी असंतुलन भी कम होगा।

बजट 'आत्मनिर्भर भारत' की अवधारणा को आगे बढ़ाने में उपयोगी सिद्ध होगा। स्टार्ट–अप्स, एमएसएमई और नवाचार आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देकर सरकार ने घरेलू उत्पादन और रोजगार को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, अनुसंधान और विकास पर दिया गया बल भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सशक्त बनाने में सहायक होगा।

बजट की उपयोगिता वित्तीय अनुशासन बनाए रखने में भी निहित है। राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखते हुए विकासात्मक खर्चों को संतुलित करना सरकार की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा सकती है। इससे अर्थव्यवस्था में विश्वास बना रहता है और निवेशकों को सकारात्मक संकेत मिलता है।भारत सरकार का बजट केवल आर्थिक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि देश के समग्र विकास का मार्गदर्शक है। इसकी उपयोगिता आर्थिक विकास, सामाजिक कल्याण, कृषि सुधार, आत्मनिर्भरता और वित्तीय स्थिरता सभी क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। बजट 2026 भारत को एक सशक्त, समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

–नितिन कुमार (शोधार्थी, राजनीति विज्ञान)

# सभी कलेक्टर्स रोजगार उद्योग निवेश संबंधी बिंदुओं की समीक्षा करे – कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी

## सभी कलेक्टर्स पीएम विश्वकर्मा योजना को पहली प्राथमिकता में रखें

## स्वास्थ्य के 12 पैरामीटर की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए

## कमिश्नर ने वीडियो कांफ्रेंस में सभी कलेक्टर को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जनसंपर्क नर्मदापुरम । नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर को निर्देश दिए की कलेक्टर कान्फ्रेंस अक्टूबर 2025 की कार्रवाई विवरण में उल्लेखित थीम रोजगार उद्योग एवं निवेश के संबंध में सभी कलेक्टर्स आवश्यक कार्रवाई करें एवं रोजगार उद्योग और निवेश में उल्लेखानीय प्रगति लाए। कमिश्घ्नर ने निर्देश दिए कि फूड प्रोसेसिंग धार्मिक क्षेत्र पर्यटन के क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगारो का सृजन किया जाए, एक जिला एक उत्पादन के तहत जिले के प्रोडक्ट को पर्याप्त मार्केटिंग मिले, उत्पादन का पर्याप्त प्रचार प्रसार किया जाए साथ ही लघु एवं कुटीर उद्योग को प्राथमिकता देते हुए इसमें निवेश एवं रोजगार के अवसर सृजित किए जाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि डीएलसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक प्रति माह नियमित रूप से आयोजित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए की बंद पड़े उद्योगों की भूमि का भी अन्य शासकीय प्रयोजन में उपयोग किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की कौशल विकास की जिला स्तरीय समिति की बैठक भी नियमित रूप से आयोजित की जाए साथ ही उद्योगों की स्थापना के लिए यदि शासकीय भूमि की आवश्यकता होती है तो भू अर्जन की प्रक्रिया भी समय पर पूरी की जाए।

कमिश्नर ने नर्मदापुरम बैतूल एवं हरदा के कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना को टॉप प्राथमिकता में रखते हुए सभी बैंकर्स को निर्देश दें कि वे हितग्राहियों के ऋण प्रकरण प्राथमिकता से स्वीकृत करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि युवाओं को स्वरोजगारों के लिए ऋण की राशि बैंक से समय सीमा में प्राप्त हो जाए। कमिश्नर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए और कहां की इस योजना के तहत शासन द्वारा दिए गए सभी लक्ष्य की पूर्ति समय सीमा में कर ली जाए। कमिश्नर ने कलेक्टर कान्फ्रेंस की कार्रवाई विवरण में उल्लेखित थीम स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित 22 पैरामीटर जिनमें पांच पैरामीटर महिला एवं बाल विकास से संबंधित है कि नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिदिन इन 22 पैरामीटर की मॉनिटर करें और इन 22 पैरामीटर में उल्लेखित प्रगति से प्रतिदिन कलेक्टर को अवगत कराए। कलेक्टर भी निरंतर मॉनिटरिंग कर इन क्षेत्रों में विशेष प्रगति लाकर जिले की रैंकिंग में आवश्यक सुधार करें। कमिश्घ्नर ने निर्देश दिए की 03 से 06 आयु के बच्चे माह में कम से कम 21 दिन आंगनवाड़ी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए। बताया गया की नर्मदापुरम जिले में लगभग 82: कुपोषित बच्चों का पंजीयन किया गया है और उन सभी बच्चों को स्वास्थ बच्चों की श्रेणी में लाने के लिए उनको पर्याप्त पोषण आहार देकर उनके स्वास्थ्य की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

कमिश्नर श्री तिवारी ने बैंक आधारित विभिन्न विभाग जैसे कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उघानिकी, एमएसएमई, जनजातिय कार्य विभाग, अनुसूचित जाति विकास निगम, नगरीय प्रशासन विभाग की हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए की बैंक आधारित विभाग अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन में पीछे ना रहे अपितु बैंक आधारित योजनाओं में स्वरोजगार के लिए बैंक से हितग्राहियों को ऋण राशि का लाभ दिलाने में स्वीकृति प्राप्त करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि टंट्या मामा योजना एवं बिरसा मुंडा योजना में विशेष तौर पर शत प्रतिशत राशि का वितरण कर युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण राशि स्वीकृत कराकर शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए की विशेष तौर पर मत्स्य विभाग अपनी योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करें। बताया गया कि स्मार्ट फिश पार्लर के लिए चिन्हित स्थानों में से कुछ स्थानों में परिवर्तन किया जा रहा है।

कमिश्नर श्री तिवारी ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि कुछ जगह पर बारिश हुई है। फसल नुकसान की संभावना है। अतः नुकसान का आकलन कर ले। कमिश्नर ने बंटवारा एवं अभिलेख दुरुस्ती करण के प्रकरणों के निराकरण में तेज गति से कार्य करने के निर्देश दिए और कहां की राजस्व प्रकरणो की निराकरण में जिले की रैंकिंग में आवश्यक सुधार किया जाए। उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत 65 सेवाओं में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। बताया गया की नर्मदापुरम में 23 हजार 165, हरदा में 7 हजार 600 और बैतूल में लगभग 54 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल नर्मदापुरम संभाग में 38 हजार आवेदन राजस्व विभाग से संबंधित है, 11 हजार आवेदन नगरीय प्रशासन से, 6 हजार 600 आवेदन महिला व बाल विकास विभाग से संबंधित है। 6 हजार 200 आवेदन सामाजिक न्याय एवं 6 हजार आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित है। शेष आवेदन अन्य विभागो से संबंधित है। कमिश्नर ने निर्देश दिए की 16 फरवरी से 15 मार्च तक क्लस्टर आधारित शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में अधिकारी गण पहुंचकर मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने जिले के कुछ वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने के संबंध में अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी ली, साथ ही निर्देश दिए की 16 अप्रैल 2025 के सर्कुलर का अध्ययन आवश्यक कर लिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए की सामूदायिक दावे व व्यक्तिगत दावे आमंत्रित किए जाएं।

कमिश्नर ने बोर्ड परीक्षाओं की सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही निर्देश दिए की परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए गठित उड़न दस्ता दल इस दौरान सक्रिय रहे और की गई कार्रवाई पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। कमिश्घ्नर ने आगामी पर्व एवं मेलों के दौरान जिलों में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, हरदा कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन, बैतूल कलेक्टर श्री नरेंद्र सूर्यवंशी ऑनलाइन एवं उपायुक्त विकास श्री डी एन पटेल, संभागीय सलाहकार आरसीएमएस श्री भूपेंद्र गुर्जर, संयुक्त संचालक महिला व बाल विकास विभाग श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी सहित अन्य संभागीय अधिकारी गण ऑफलाइन उपस्थित रहे।

करें नवशिशु का स्वागत, प्यार दुलार।
न्यू ललित किड्स कॉर्नर में श्रीमान् पधारें।
नवशिशु के स्वागत के लिए- गद्दे तकिये सेट, मच्छरदानी, बाकर बाबागाड़ी, झूला, खेल खिलौने आदि की विस्तृत श्रृंखला।
साथ ही आप सभी के लिए अंडर गारमेंट्स की संपूर्ण रेंज।
न्यू ललित होजरी एण्ड किड्स कार्नर
3-4 ललित आर्केड, मीठी गली, पिपरिया

Prime Motivation Institute
एक दशक से नगर की प्रतिभाओं को निखारने में सफल संस्थान, नौकरी प्राइवेट हो या सरकारी हो, व्यापार छोटा हो या बड़ा हो, आप छात्र-छात्रा हो या व्यवसायी हो, आप युवती हो या गृहणी हो, आप सभी के लिए सफल भविष्य की राह चुनने एवं सफलतापूर्वक अपने मंजिल तक पहुचने के लिए आपकी आवश्यकतानुसार सभी कोर्सेस एक ही कैंपस में उपलब्ध कराने वाला एक मात्र ट्रेनिंग & प्लेसमेंट सेण्टर.......
प्रवेश प्रारंभ
Spoken English & Advance Effective English
Tally ERP.9 With GST | M.S. Office | CPCT
Bank | Railway | SSC | MP Police | Samvida
प्रवेश प्रारंभ
उपलब्ध सुविधाए
1. CCTV कैमरे से निगरानी
2. A.C. Classrooms & LAB
3. लाइब्रेरी
4. Printed Notes
5. Digital Classrooms
6. शिक्षित एवं अनुभवी फैकल्टी
7. वीकली टेस्ट
8. Job Counselling
9. Consultancy
Add – Above Malwa Dairy, Cement Road Pipariya
Contact – 9893623179, 9179406595, 9329555595

अद्वितीय विशाल सोने एवं चांदी के आभूषणों के शोरुम पर हम आपका हार्दिक अभिनंदन करते है।
विजय ज्वेलर्स
मेन रोड, पिपरिया
जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.) फोन-मो. 9425475530



चन्द्रकान्त अग्रवाल
(कर सलाहकार)
उपलब्ध सेवाएं -
(1) इन्कम टेक्स, जी.एस.टी, टी.डी.एस., प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं अन्य सभी टेक्शेशन से संबंधित कार्य
(2) लाईफ एंशुरेन्स-पी.एन.पी. मेटलाइफ इन्शुरेंस
(3) हेल्थ एंशुरेन्स- एचडीएफसी हैल्थ एन्शुरेंस
सम्पर्क करें – दुकान नं. 2 अर्बन गेलेक्सी, जीन कम्पाउन्ड, गोपाल ट्रांसपोर्ट के पीछे, ऊमर वाले दादा मंदिर के सामने वाली रोड, पिपरिया मो. 9893803544

।। ॐ भूर्भुव: स्व: तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो न: प्रचोदयात्।।



# अखण्ड ज्योति

ऋषि चिंतन के सान्निध्य में

## त्याग या स्वार्थ

आदर्श जीवन यह नहीं कि हम एक लंगोटी लगा लें, जबकि हमारे अंदर बढ़िया-बढ़िया कपड़ों की चाह हो , अथवा हम एक झोपड़ी में रहें, जबकि हमारा मन महलों में रहने के लिए निरंतर भटकता हो। आदर्श जीवन तो वह है , जिसमें त्याग आदमी के भीतर से उपजे और बाहर के थोड़े से भी परिग्रह में आदमी की आसक्ति न रहे। आज की दुनियाँ में यह बहुत मुश्किल है। हमारे चारों ओर मोहजाल बिछा है और काजल की कोठरी में कैसा भी सयाना क्यों न जाए, थोड़ी बहुत कालिख उसे लगे बिना रह नहीं सकती। हमारी निगाह आज अपनी ओर नहीं है और हम जीवन में सच्चाई, ईमानदारी, निःस्वार्थता आदि गुणों को भूल गए हैं। अपने लाभ की बात हम सोचते हैं, भले ही उसमें दूसरे का अहित क्यों न होता हो।

आज हमारे मानवी गुणों को नहीं, हमारी दुर्बलताओं को विकास का अवसर मिल रहा है। अपने ही देश में नहीं, सारी दुनिया में यही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। मनुष्य जैसे सीमित होकर स्वार्थ के एक छोटे से बिन्दु पर केन्द्रित हो गया है और यह जो सामने चीजों का विस्तार दीख पड़ता है , वह इसलिए है कि यदि कोई उससे बाहर होना चाहे तो स्वर्णनगरी का मोह और आकर्षण उसे फँसाए रखे, वह उसी में तड़पता रहे। निःसंदेह आज हम बड़े स्वार्थपरायण हो गए हैं। यह स्थिति कल्याणकारी नहीं है। यह हमें विनाश की ओर ही ले जा सकती है।

अखण्ड ज्योति-नवंबर 1956 पृष्ठ 35

# मार्गदर्शन में करियर मेला एवं काउंसलिंग के पांच दिवसीय कार्यक्रम

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** सांदीपनि शासकीय आर एन ए उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य श्री संजीव दुबे के मार्गदर्शन में करियर मेला एवं काउंसलिंग के पांच दिवसीय कार्यक्रम का आज समापन हुआ।आज दिनांक 31जनवरी 2026 को अंतिम दिवस भविष्य की मांग वाली नए विषय बैंकिंग एवं सीए की उपयोगिता पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती के पूजन व मंत्र उच्चारण से किया गया। व्याख्यान हेतु पधारे अतिथियों मे सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया पिपरिया से पधारी सोनम तिवारी व अशोक अग्रवाल द्वारा बैंकिंग परीक्षा की तैयारी तथा एजुकेशन लोन की जानकारी प्रदान की गई। कलकत्ता में कार्यरत चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रिया खनूजा द्वारा अपने अनुभव के माध्यम से बड़े सहज भाव से सी ए की परीक्षा की तैयारी फीस व प्राप्त होने वाली सुविधाओं और अवसर का मार्गदर्शन प्रदान किया गय उन्होंने बच्चों को धैर्य लगन समर्पण और मेहनत से लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी । कैरियर मेले में बच्चों द्वारा प्रदर्शित किए गए चार्ट और मॉडल का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया तथा उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संपूर्ण निर्देशन व प्रोत्साहन श्री मनीष जैन सर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार मेघा वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की करियर काउंसलर प्रभारी प्रीति वाला शर्मा, श्रीमती मेघा वर्मा, श्री राजेश शर्मा,श्रीमती नेहा शर्मा, कुमारी शाहीन खान का विशेष सहयोग रहा। करियर मेला के समापन में समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।







# पिपरिया शहर का प्राचीन औषधालय

श्री कृष्ण सेवा संघ धमार्थ औषधालय धर्मशाला रोड पिपरिया

✲पिपरिया एवं क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा में हमेशा प्रयत्नशील

✲ अनुभवी वैद्यजी द्वारा परामर्श

✲ आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण

✲ पंजीयन शुल्क मात्र दो रुपए

औषधालय का समय : सुबह 9 से 12 बजे तक

यदि हो गये हो बीमार -आयुर्वेद ही सही उपचार।

ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को अपनाने के आशीर्वाचन दिए हैं उन्हें अपनाइए ।आयुर्वेदिक उपचार अपनाऐ ।स्वस्थ जीवन पाऐं ।।


# कालूराम मूलचंद गट्टानी शोभापुर

के सोने व चांदी की शुद्धता के विश्वास के साथ अब निर्माण की दुनिया में हमारी नई पहचान

AAC BLOCk Autoclaved, Aerated, Concrete



मकान, गोदाम, मॉल, होटल, बिल्डिंग्स, बाउंड्री वाल्स आदि निर्माण हेतु उपलब्ध



**ब्लॉक साइज -**

लम्बाई 24'' ऊंचाई 8'' 3'', 4''6'', 8''

लगाने में आसान, तराई की आवश्यकता नहीं, साधारण ईंट की तरह टूट-फूट नहीं, वजन में हल्का, मकान में सीलन से मुक्ति, प्लास्टर का खर्च कम, सीमेंट एवं रेत की आवश्यकता नहीं, दीवार पर आने वाले खार से मुक्ति, गर्मी में 4 से 5 डिग्री ठंडा, दीमक से मुक्ति

- ☞ISI Mark Grade 1 AAC ब्लॉक्स
- ☞समृद्धि प्लास्टिक्स
- ☞पॉवर टूल्स एवं स्पेयर पार्टस
- ☞LED लाईट्स
- ☞कंस्ट्रक्शन केमिकल
- ☞सुप्रीमो पानी की टंकिया
- ☞RCC चौखट, जंगले, खिड़की एवं दरवाजे
- ☞LED लाईट्स
- ☞समस्त हार्डवेयर
- ☞CPVC, UPVC, SWR, Pressure, VGD, Coloumn Pipe एंड फिटिंग्स

ब्लॉक्स हेतु जानकारी व आर्डर हेतु सम्पर्क करें

**गट्टानी ट्रेडिंग कम्पनी** मंडी रोड, गणेश मंदिर के पास, हथवांस, पिपरिया

मो. 8085256256, 9479914256 प्रोप्राईटर- आनंदा गट्टानी

# मे. शुभम् ट्रेडर्स

क्या बिजली पानी समस्या से परेशान है , समस्या आपकी, समाधान हमारा

कुशल इंजीनियरों से निर्मित उत्तम गुणवत्ता व विश्वनीयता का बेजोड़ संगम

**अधिकृत विक्रय-**(1) सागा सिंगल थ्रीफेस मोनो एवं सम्मरशिबल पम्पस् अहमदाबाद गुजरात (2) रिगामेन्ग सम्मरशिबल राजकोट V-3-V-4-V-6-V-7, (3) स्वयं P.V.C. केसिंग पाइप 3'' से 12'' साइजों में उपलब्ध ✲ विशाल एवं स्प्रिंकलर्स पाइप (4) जनरेटर, सेट, डीजल ऐंजिन उत्तम, बीज (5) प्रीमियर फाउन्टेन कोलकता (6) अन्य स्टारटर एल एंड टी, एच.पी.एल, आटो स्विच केवल व अन्य कृषि सामग्री के विक्रेता एवं गवर्मेन्ट सप्लायर

दिमाग पर ज्यादा जोर न लगायें । अपने पैसों से सही सुविधा पायें ।।

निवास-गली नं. 3 सरदार वार्ड पिपरिया Mob. 9630556704,9993283326

बजट विशेष टिप्पणी

# विकसित भारत की नींव रखने वाला सुधारों का बजट

–डॉ.जयंतीलाल भंडारी



यकीनन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026–27 के बजट की तस्वीर में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि यह बजट आम आदमी के लिए राहत और विकसित भारत के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने वाला बजट है। इस बजट में वित्त मंत्री ने उत्पादकता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना, लोगों की आशंकाओं को पूरा करने के लिए क्षमता निर्माण और सबका साथ, सबके विकास के मद्देनजर ढांचागत सुधार के साथ प्रगति करना शामिल है।

इस बजट में रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ रुपए सुनिश्चित किए गए हैं। यद्यपि बजट के तहत इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू किया जाना सुनिश्चित करके आयकर संबंधी प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और आयकर भरना आसान किया गया है। बजट के नए प्रावधानों से बुनियादी ढांचा, छोटे शहर, एमएसएमई, शिक्षा, पर्यटन और सर्विस सेक्टर जैसे क्षेत्रों में नई पीढ़ी के लिए रोजगार के व्यापक मौके बढ़ेंगे। खास बात यह भी है कि आगामी वर्ष के बजट के तहत वित्त मंत्री राहत और विकास के बीच सूझबूझ पूर्ण संतुलन बनाते हुए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 फीसदी के स्तर पर सीमित रखने और सात फीसदी से अधिक विकास दर पाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं।

गौरतलब है कि नए बजट के तहत वित्त मंत्री ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चिता, भू राजनीतिक तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में धीमेपन के बीच अगली पीढ़ी के सुधार, नीतिगत स्थिरता व दीर्घकालीन विकास की रणनीति के साथ घरेलू मांग की मजबूती पर्यावरण नवाचार, उद्यमिता बुनियादी ढांचा, कृषि विकास, गरीब, युवा, महिला और किसान वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ मैन्युफैक्चरिंग, सेवा क्षेत्र रक्षा, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई) स्वदेशी प्रोत्साहन और हरित ऊर्जा पर बड़े ऐलान किए हैं। इनके साथ–साथ भारत को वैश्विक बायो फॉर्मा केंद्र बनाने, शहरी आर्थिक क्षेत्रों के निर्माण, नए राष्ट्रीय जल मार्ग, सात हाई स्पीड कोरिडोर, व्यापार सुंगमता, कंटेंनर निर्माण, बुजुर्गों के लिए मजबूत इकोसिस्टम, टीयर–2 और टीयर–3 शहरों के विकास के लिए प्रभावी प्रावधान किए गए हैं।

निश्चित रूप से वित्तमंत्री इस बजट के माध्यम से युवाओं के रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, प्रधानमंत्री कौशल मुद्रा योजना, ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ाने के लिए शिक्षण– प्रशिक्षण, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों के साथ आगे बढ़ी हैं।

नए बजट में हर क्षेत्र में आर्टिफिशल इटेंलिजेंस (एआई) को अहमियत हेतु प्रावधान किए गए है, ताकि भारत एआई का वैश्विक हब बन सके। चूँकि इस समय चीन, पाकिस्तान के साथ–साथ बांग्लादेश से भी देश की बाहरी सुरक्षा के खतरे बढ़े हैं, ऐसे में सुरक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए बजट में अधिक धन का आवंटन किया गया है।

वित्त मंत्री ने इस बजट में भारत को दुनिया के बाजार और अधिक प्रभावी रूप से जुड़ने और भारत को निर्यात का नया हब बनाने के लिए नई रणनीति प्रस्तुत की है। भारत को यूरोपीय संघ समेत विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के बाद दुनिया के बाजार में भारतीय उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बूस्ट करने के प्रोत्साहनमूलक प्रावधानों के साथ आगे बढ़ी हैं। इतना ही नहीं अमेरिका के द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से प्रभावित निर्यात क्षेत्रों को भी राहत देने के मद्देनजर वित्त मंत्री नए निर्यात प्रोत्साहनों की डगर पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं। वित्त मंत्री ने इस बजट में सीमा शुल्क के लिए जहाँ राहत दी है, वहीं सीमा शुल्क में सुधार भी किए है।

निश्चित रूप से वित्त मंत्री सीतारमण के द्वारा एक फरवरी को प्रस्तुत आगामी वित्त वर्ष 2026–27 का प्रस्तुत बजट से जहाँ देश में साहसिक सुधारों का नया युग शुरू होगा, वहीं आम आदमी के लिए राहत और देश के लिए तेज विकास का नया परिदृश्य निर्मित होगा। उम्मीद करें कि एक ओर वित्त मंत्री वर्ष 2026–27 के बजट के बजट के लक्ष्य के तहत राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.3 फीसदी तक रखने में कामयाब होगी। उम्मीद करें कि इस अभूतपूर्व बजट से देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी और यह बजट देश को वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने वाला और 2047 तक विकसित भारत बनाने की नींव रखने वाला बजट सिद्ध होगा।"

**–Sarvoday Press Service**

## छोटा सा पौधा

एक बड़े से पत्थर के नीचे एक छोटा सा पौधा उगा था। पत्थर बहुत बड़ा था और पौधे को दबा रहा था। पौधा बहुत दुखी था। वह सोचता था कि वह कभी बड़ा नहीं हो पाएगा। लेकिन पौधा हार नहीं माना। उसने दिन–रात मेहनत की और पत्थर को हटाने की कोशिश की। कई दिनों तक उसने कोशिश की, लेकिन पत्थर हिला तक नहीं।

एक दिन, अचानक एक तूफान आया। तूफान ने पत्थर को हटा दिया। पौधा अब खुली हवा में सांस ले सकता था। उसने बहुत तेजी से बढ़ना शुरू किया और कुछ ही दिनों में एक बड़ा पेड़ बन गया। सीख– हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए। अगर हम मेहनत करते रहें तो हम अपनी मंजिल जरूर पा सकते हैं।

-साभार : प्रेरणादायक कहानी Khja hal.com

## पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए विदेश में रोजगार के अवसरों का बढ़ा दायरा

अब जापान ही नहीं, अन्य देशों में भी मिलेगी नौकरी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मध्यप्रदेश कैबिनेट ने 'पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक–युवतियों को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की योजना 2022' में महत्वपूर्ण संशोधनों को मंजूरी दी है। अब यह योजना 'अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिये विदेश में रोजगार नियोजन योजना 2026' के नाम से संचालित की जाएगी सरकार ने इस योजना के अंतर्गत जापान के साथ अन्य देशों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

जापान के साथ अन्य देशों में भी मिलेंगे अवसर

प्रदेश के युवाओं को जापान के साथ दुनिया के अन्य देशों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। युवाओं को अलग–अलग मान्य कार्यक्रमों के माध्यम से विदेश भेजा जाएगा। योजना के तहत हर वर्ष पिछड़ा वर्ग के 600 युवाओं को विदेश भेजने का लक्ष्य रखा गया है। पहले युवाओं को केवल श्टेक्निकल इंटर्न ट्रेनिंग प्रोग्रामश के अंतर्गत जापान भेजा जाता रहा है।

योजना के लिए पात्रता

इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) का नॉन–क्रीमीलेयर जाति प्रमाण–पत्र आवश्यक होगा। प्रशिक्षण के चयन के समय आयु 17 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए, जबकि विदेश में नौकरी जॉइन करते समय न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है। आवेदक के विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज या विचाराधीन नहीं होना चाहिए तथा संबंधित ट्रेड/कौशल के अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता अनिवार्य होगी।

महिलाओं और दिव्यांगजनों को आरक्षण, प्रशिक्षण शुल्क सरकार वहन करेगी

योजना के अंतर्गत 35 प्रतिशत सीटें बेटियों के लिए और 6 प्रतिशत सीटें दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित की गई हैं। प्रति युवा अधिकतम 2 लाख रुपये तक का प्रशिक्षण शुल्क सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय होगा। यदि हॉस्टल सुविधा उपलब्ध नहीं होती है, तो प्रशिक्षुओं को 2,000 रुपये प्रतिमाह किराया भत्ता प्रदान किया जाएगा। सर्टिफिकेशन परीक्षा के पहले प्रयास की फीस भी संस्था द्वारा वहन की जाएगी।

12 माह का समग्र प्रशिक्षण कार्यक्रम


युवाओं को कुल 12 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें सॉफ्ट स्किल्स, डोमेन–स्पेसिफिक स्किल्स तथा संबंधित देश की विदेशी भाषा का प्रशिक्षण शामिल होगा। योजना के वित्तपोषण के लिए बजट के अतिरिक्त सोशल इम्पैक्ट बॉण्ड **SIB** और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी **CSR** फंड का भी उपयोग किया जाएगा।







गोपी गहना
चांदी, सोना आभूषण एवं गिफ्ट आईटम के विक्रेता
अब आनन्द बाग मार्ग चिन्ताहरण मंदिर के पास
पुलिया के सामने दूसरी दुकान राजेन्द्र वार्ड पिपरिया
मो. 9425475981, 7693075981

मो. 9893331604
माहेश्वरी फर्नीचर स्टोर्स
सीमेंट रोड, पिपरिया
अधिकृत विक्रेता







नीलकमल फर्नीचर एवं कोरफोम गद्दे, अलमारी, कूलर, टी.वी, पंखे, गद्दे, सोफा, कार्पेट एवं फोम मटेरियल


विवेक सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर
हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के बाजू में पचमढ़ी रोड, पिपरिया
9479381880, 9131649108
मिलने का स्थान –
यू.पी. व्ही.सी., सी.पी. व्ही.सी., एस. डब्लू. आर, आई.डोल, प्लास्टो पाइप एंड फिटिंग उचित मूल्य पर प्राप्त करें ।

पानी की किल्लत से छुटकारा........
अपने मकान, खेत, (दुकान में नलकूप या जेटपंप बोरिंग हेतु संपर्क करें ।
पूर्ण गारंटी एवं उचित दाम
4" से 24" ट्यूबवेल बोरिंग, पाईप, सबमर्सीबल पंप सेट हेतु विश्वनीय प्रतिष्ठान




महावीर पाइप्स
गीतांजली शापिंग काम्पलेक्स, शोभापुर रोड, पिपरिया
मो. 9425040827, 9806593136

प्रकाश डिजिटल फोटो स्टूडियो
पाठक जी की चाल सांडिया



रोड, पिपरिया



शादी, जन्मदिन, अन्य पार्टियों एवं कान्फेंस के लिए पिपरिया शहर में पहली बार प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है

# शहरी निकायों को सुदृढ़ बनाने की हुंकार– सांसद माया नारोलिया ने की समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया की मांग

दिल्ली– संसदीय समिति की बैठक में सांसद माया नारोलिया ने उठाई नगर निगमों में रिक्त पद भरने की आवाज

जनसंपर्क नर्मदापुरम । राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया मंगलवार को संसद भवन एनेक्सी (EPHA), नई दिल्ली में आयोजित आवास एवं शहरी कार्य संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में बतौर सदस्य उपस्थित रही। बैठक की अध्यक्षता श्री मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी ने की। बैठक में शहरी स्थानीय निकायों (ULB) में राजस्व सृजन, बजट प्रबंधन तथा प्रशासनिक क्षमता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने विभिन्न राज्यों के शहरी स्थानीय निकायों में मानव संसाधन की गंभीर कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि कई राज्यों में ग्रुप A, B एवं C के स्वीकृत पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं, जिससे शहरी विकास योजनाओं की योजना निर्माण, क्रियान्वयन और निगरानी की प्रक्रिया प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रही है।

राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने समिति के समक्ष आग्रह किया कि नगर प्रशासन को अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनाने के लिए समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। साथ ही शहरी निकायों में न्यूनतम स्टाफिंग मानकों को लागू करने तथा क्षमता निर्माण और संस्थागत सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सशक्त मानव संसाधन के बिना शहरी विकास के लक्ष्यों को समय पर और प्रभावी ढंग से प्राप्त करना संभव नहीं है।

## महाशिवरात्रि मेला पचमढ़ी वर्ष 2026

चिकित्सा व्यवस्था हेतु चिकित्सक/पैरामेडिकल स्टाफ/एंबुलेंस वाहन चालक की लगाई गई डियुटी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना महादेव मेला समिति के निर्देशानुसार मुख्य्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा महाशिवरात्रि मेला पचमढ़ी वर्ष 2026 के आयोजन के लिए विभिन्न पाइंटो पर चिकित्सा व्यवस्था हेतु चिकित्सक / पैरामेडिकल स्टाफ / एंबुलेंस वाहन चालक सहित की डियुटी 5 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक लगाई गई है। डॉ. रिचा कटकवार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामु0स्वा0 केन्द्र पिपरिया को मेला प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। मेले में स्वास्थ्य व्यवस्था एवं पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक औषधियां उपलब्ध कराने, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की प्रतिदिन मॉनीटरिंग करने की पूर्ण जिम्मेदारी मेला प्रभारी अधिकारी की रहेगी। मेला अवधि में किसी भी प्रकार का अवकाश मान्य नहीं होगा, अनुपस्थित रहने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध शासकीय नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## जनसुनवाई में 86 आवेदनों पर हुई सुनवाई,

अतिक्रमण, विद्युत सुरक्षा, सीमांकन जैसे अन्य राजस्व मामलों से संबंधित आवेदन हुए प्राप्त

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु जैन अध्यक्षता मे जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सीईओ श्री जैन ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई की गई। जनसुनवाई में आए 86 आवेदनों पर सुनवाई कर उनका निराकरण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम डोलरिया निवासी सेवंती बाई ने जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान कराये जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर श्री जैन ने जनपद पंचायत अधिकारी को नियमानुसार योजना का लाभ प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। अन्य मामले मे आवेदनकर्ता आशुतोष बाजपेयी ने उनकी नर्मदापुरम स्थित आवासीय भूमि का नामांतरण कराने के लिए आवेदन दिया। जिस पर श्री जैन ने संबंधित तहसीलदार को जांच कर शीघ्र नामांतरण करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार ग्राम पथोड़ी निवासी कुलदीप बाकले घर के सामने दूषित पानी के निकासी के लिए सड़क पर पक्की नाली निर्माण कराने के लिए आवेदन दिया, जिस पर सम्बंधित अधिकारी को समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई मे आए पेंशन, सीमांकन, अतिक्रमण, विद्युत, राजस्व सम्बन्धि आवेदनों पर सुनवाई कर उनका त्वरित निराकरण किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री बृजेंद्र रावत, सिटी मजिस्ट्रेट श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती नीता कोरी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरोज परिहार सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

## नागरिकों की प्राइवेसी का सम्मान करो या भारत छोड़ो, सुप्रीम कोर्ट की मेटा–व्हाट्सएप को कड़ी फटकार

सीजेआई सूर्यकांत ने वॉट्सऐप की प्राइवेसी पॉलिसी पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि यह बहुत चालाकी से इस तरह तैयार की गई है कि आम यूज़र भ्रमित हो जाए।

नई दिल्ली। वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा एक बार फिर प्राइवेसी को लेकर आरोपों के घेरे में है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मेटा और वॉट्सऐप को उनकी प्राइवेसी पॉलिसी को लेकर कड़ी फटकार लगाई। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि हम आपको यूजर्स की एक भी जानकारी शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे। आप इस देश के नागरिकों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते।

CJI ने दो टूक कहा कि यदि आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दें। हम नागरिकों की प्राइवेसी से समझौता नहीं होने देंगे।दरअसल, ये पूरा मामला वॉट्सऐप की 2021 प्राइवेसी पॉलिसी से जुड़ा है, जिसमें कंपटीशन



कमीशन ऑफ इंडिया (CCI) ने नवंबर 2024 में मेटा पर 213.14 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। CJI सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पांचोली की बेंच ने IT मंत्रालय को भी याचिका में पक्षकार बनाने को कहा है। कोर्ट इस मामले में 9 फरवरी को अंतरिम आदेश देगा।

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि आप डेटा साझा करने के नाम पर इस देश के निजता के अधिकार के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। हम आपको डेटा का एक भी शब्द साझा करने की अनुमति नहीं देंगे। या तो आप एक लिखित आश्वासन दें। आप नागरिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं कर सकते।

अदालत ने कहा कि देश में निजता के अधिकार की सख्ती से रक्षा की जाती है। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि गोपनीयता की शर्तें इतनी चतुराई से तैयार की जाती हैं कि एक आम व्यक्ति उन्हें समझ ही नहीं पाता। यह निजी जानकारी की चोरी करने का एक शालीन तरीका है। हम आपको ऐसा करने की अनुमति नहीं देंगे। आपको एक आश्वासन देना होगा, अन्यथा हमें आदेश पारित करना पड़ेगा।

CJI ने कहा कि सड़क पर ठेला लगाने वाली महिला इन नियमों को कैसे समझेगी? क्या आपने सोचा है कि आप कितनी मुश्किल भाषा लिखते हैं? हर शर्त की जांच होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी कॉमर्शियल पर्पस के लिए यूजर के डेटा शेयर करने की शोषणकारी नीति की आलोचना की।

वहीं मेटा की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की तरफ से लगाया गया जुर्माना जमा कर दिया गया है, हालांकि मामला अपील के अधीन है। उन्होंने यह भी कहा कि उपभोक्ताओं के पास ऑप्ट–आउट का विकल्प मौजूद है और 15 नवंबर के आदेश से जुड़े निर्देशों का पालन किया जा रहा है। इस पर CJI नेसख्त लहजे में कहा कि ऑप्ट–आउट जैसे विकल्प नागरिकों के मौलिक अधिकारों का विकल्प नहीं हो सकते। अदालत ने साफ कर दिया कि किसी भी हाल में डेटा शेयरिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

-हम समवेत


**भारत स्टेशनरी**

जयप्रकाश शाला के पास पिपरिया मोबाईल –9406561805

कापीयां, पुस्तक, पेन पेन्सिल, गाईड, स्कूल बैग स्टेशनरी के विक्रेता

कम्प्यूईराइजड रबर स्टेम्प बनाई जाती है ।

फोटोकापी की सुविधा उपलब्ध है ।

**मकान बेचना है**

एक दो मंजिला मकान सरदार वार्ड में अन्दर मेन रोड पर स्थित बेचना है मकान का साइज 20 x 50=1000 वर्गफुट है। जिसमें अभी टेन्ट हाउस चलता है। उक्त मकान मेरे स्वयं रामलाल कहार के नाम से है। कृपया वास्तविक इच्छुक खरीददार ही सम्पर्क करें।

रामलाल कहार

सरदार वार्ड, पिपरिया मो. 9981287323

रजिस्ट्रेशन नं. 9546171019

**किरण फ्रेक्चर एंड पेन क्लीनिक**

**डॉ. सुयश शर्मा**

(हड्डी रोड विशेषज्ञ)

एम.बी.बी.एस.डीएनबी आर्थो

मिलने का समय–

प्रात: 11 से दोप. 2.00 बजे तक शाम 5 से 7.30 बजे तक

**डॉ.विभा शर्मा**

MBBS,MD,FIPM

मिलने का समय–

शाम 6.00 से 7.30 बजे तक

नोट – आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार के दर्द का इलाज किया जाता है ।

आपरेशन की सुविधा समर्थ अस्पताल में उपलब्ध है । (इमरजेंसी में समर्थ अस्पताल में संपर्क करें )

फ्रेक्चर, स्पोर्ट इंजुरी, सायटिका, गठिया, कमर, ऐड़ी, कोहनी, घुटने के दर्द अथवा चोट का इलाज किया जाता है ।

उपलब्ध सुविधाएँ–डिजिटल X-ray, वॉटर प्रूफ प्लास्टर

स्थान–अशोक वार्ड, पी.पी. एस स्कूल के पास, सांडिया रोड पिपरिया


स्वत्वाधिकारी संपादक मुद्रक प्रकाशक–प्रकाशचन्द्र मंडलोई कैलाश पेपर इंडस्ट्रीज, सांडिया रोड, पिपरिया जिला– नर्मदापुरम (म.प्र) से मुद्रित प्रकाशित मो. 09425708959 संपादक –प्रकाशचन्द्र मंडलोई
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र पिपरिया न्यायालय रहेगा । E-mail-pipariyaprakash@gmail.com

PIPARIY fina 5-2-2026.pmd 8 2/5/2026, 6:30 PM